प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

06.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

''मुख्य समाचार''

- केन्द्र सरकार ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पी.एम. विद्यालक्ष्मी योजना को दी मंजूरी।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा—नशे की बुराई से निपटने में पंचायती राज संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—प्रदेश में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल को सुदृढ़ कर रही है सरकार।
- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने हिमाचल कांग्रेस कार्यकारिणी को तुरंत प्रभाव से किया भंग—भाजपा ने कहा—कांग्रेस की गुटबाजी हुई जगजाहिर।

कैबिनेट—निर्णय

केन्द्र सरकार ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम—विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की आज नई दिल्ली में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि योजना के तहत छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बिना किसी जमानत के ऋण प्राप्त करने के पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना इसलिए शुरू की गई है ताकि वित्तीय बाधाओं के कारण देश का कोई भी युवा गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहे।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि नशे की बुराई से निपटने में पंचायती राज संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। राज्यपाल ने आज राजभवन में पंचायती राज विभाग द्वारा नशीले पदार्थों के सेवन से निपटने में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका पर आयोजित कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर ये बात कही। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल में नशे के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि पुलिस नशे पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी तरीके से कार्य कर रही है, साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को भी लोगों को जागरूक करना चाहिए और प्रदेश सरकार को नशा निवारण केंद्र संचालित करने चाहिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक निगरानी और सतर्कता समितियों की स्थापना से मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकती है। इस दौरान शिव प्रताप शुक्ल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया और

राज्यस्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि नशा युवाओं से उनके सपनों और लक्ष्यों को छीन रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीण भारत के संरक्षक हैं और लोग उनसे गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं। अनिरूद्ध सिंह ने ग्रामीण स्तर पर निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के सुदृढ़ीकरण पर बल दे रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने इस दिशा में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सम्पूर्ण प्रतिक्रिया प्रबंधन को अतिरिक्त महानिदेशक होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा के अधीन किया जाएगा। इससे किसी भी आपातकालीन और आपदा की स्थिति से बेहतर तरीके से निपटने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बादल फटने और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती पुनरावृत्ति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार एसडीआरएफ को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत कर रही है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि देश की संसदीय शासन प्रणाली में सभापति की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित 67वें राष्ट्रमण्डल संसदीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए आज उन्होंने ये बात कही। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि बैंचमार्किंग, मानकों और दिशानिर्देशों के माध्यम से संसद की संस्था को मजबूत करने में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना शामिल है, जो पारदर्शिता, जवाबदेही व सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि समकालीन राजनीतिक परिदृश्य में भारतीय संसद की संस्था प्रतिनिधित्व, जवाबदेही और पारदर्शिता के सिद्धातों को मूर्त रूप देते हुए लोकतांत्रिक शासन की आधारशिला के रूप में खड़ी है।

कांग्रेस कमेटी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को तुरंत प्रभाव से भंग कर दिया हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भंग करने की मंजूरी दी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी सहित जिला अध्यक्ष और ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां भी भंग कर दी गई हैं। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पार्टी हाईकमान को पत्र लिखकर पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने का आग्रह किया था।

रणधीर

इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक रणधीर शर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा है कि प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग हो गई है जिससे प्रतीत होता है कि कांग्रेस पार्टी सभी काम आपातकाल में ही करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अर्तकलह चरम सीमा पर थी और पार्टी

कार्यकर्ता निरंतर अनदेखी का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई कार्यवाही से कांग्रेस के भीतर की गुटबाजी सबके सामने आ गई है।

चन्द्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों का समान विकास व समाज के सभी वर्गों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आज ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के कोटला में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत जनसमस्याएं सुनीं और अधिकतर का मौके पर ही निपटारा किया। कृषि मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में विकास के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के सपने को साकार करने में स्कूलों और बच्चों की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने आज बिलासपुर जिले के घुमारवीं में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कला व रंगोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने कहा कि अगर बच्चों को सही मार्गदर्शन मिले तो वे न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन में सफल होंगे, बल्कि पूरे देश को प्रगति की दिशा में ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर गारंटियों के नाम पर लोगों को ठगने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और कांग्रेस की गारंटियों की वजह से देशभर में हुई किरकिरी से कांग्रेस पार्टी पूरी तरह बैकफुट पर आ गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने किसानों को गोबर खरीदने की गारंटी दी थी लेकिन अब गोबर खरीद पर खानापूर्ति करना चाहती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एक ओर केन्द्र सरकार देश में जीरो बजट खेती के लिए योजनाएं ला रही हैं वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार किसानों से बना बनाया कम्पोस्ट सस्ते दामों पर खरीदना चाहती है।

मस्जिद मामला

शिमला के संजौली में अवैध मस्जिद की तीन मंजिलों को गिराने के नगर निगम कोर्ट के आदेशों को मुस्लिम संगठनों ने जिला अतिरिक्त सत्र अदालत शिमला में चुनौती दी है और मस्जिद को गिराने के आदेशों पर स्टे मांगा है। मुस्लिम संगठनों की तरफ से दायर याचिका पर आज अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश प्रवीण गर्ग की अदालत में सुनवाई हुई, जिसमें सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को तय की है। मुस्लिम संगठनों की तरफ से याचिकाकर्ता नजाकत अली हाशमी के अधिवक्ता विश्व भूषण ने कहा कि संजौली मस्जिद मामले में एक मस्जिद कमेटी ने नगर निगम आयुक्त को मस्जिद गिराने के लिए लिखित में ज्ञापन दिया है जिस आधार पर

नगर निगम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। वहीं मामले में संजौली के स्थानीय लोगों की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता जगत पाल ने कहा कि नजाकत अली हाशमी की याचिका का कोई औचित्य नहीं है क्योंकि न तो याचिकाकर्ता स्थानीय निवासी है और न ही इस मस्जिद का कोई हितधारक है।

दीक्षांत समारोह

प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का पांचवां दीक्षांत समारोह 23 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर शशि कुमार धीमान ने आज हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह में नीति आयोग के सदस्य विनोद कुमार पॉल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि राज्यपाल व तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि समारोह में 3 सौ 68 मेधावी विद्यार्थियों को पदक और डिग्री से सम्मानित किया जाएगा।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर'

- केन्द्र सरकार ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पी.एम. विद्यालक्ष्मी योजना को दी मंजूरी।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा–नशे की बुराई से निपटने में पंचायती राज संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल को सुदृढ़ कर रही है सरकार।
- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने हिमाचल कांग्रेस कार्यकारिणी को तुरंत प्रभाव से किया भंग–भाजपा ने कहा–कांग्रेस की गुटबाजी हुई जगजाहिर।